हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

# आपके विश्वास ने हमें मजबूत बनाया

## धन्यवाद... उन सभी मरीज़ों और परिवारों का, जिन्होंने हम पर भरोसा किया।

## आपके विश्वास ने ही हमें वो हिम्मत दी, जिससे हमने सैकड़ों जिंदगियों में नई उम्मीदें जगाईं।



आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाओं के दम पर आज न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश और विदेश से आने वाले मरीजों का विश्वास जीता है। यहाँ पहले से ही अन्य राज्यों और विदेशों से मरीज उन्नत चिकित्सीय सुविधाओं के कारण पहुँच रहे हैं। अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुपरस्पेशलिटी ट्रीटमेंट, अंतरराष्ट्रीय मानकों की देखभाल और किफायती खर्च ने हेल्थकेयर क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाई है। **डॉ. नवीन राम दारूका** का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में दुर्ग को मेडिकल टूरिज़्म का प्रमुख केंद्र बनाया जाए। उनका मानना है कि जिस तरह लोग सिंगापुर, यूरोप या दिल्ली-मुंबई जैसे स्थानों में इलाज के लिए जाते हैं, उसी तरह दुर्ग को भी विश्वस्तरीय हेल्थकेयर डेस्टिनेशन बनाया जा सकता है।हॉस्पिटल न केवल मरीजों की देखभाल में बल्कि चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। समय-समय पर आयोजित CME कार्यक्रमों के माध्यम से गांवों और छोटे कस्बों में प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टरों को नई-नई चिकित्सा जानकारी, आधुनिक तकनीकों और गंभीर मरीजों के बेहतर इलाज की ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा, अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर कमजोर और पिछड़े इलाकों तक उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएं पहुँचाई जा रही हैं। ***डॉ. दारूका का संकल्प है कि आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के माध्यम से दुर्ग को न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे भारत में हेल्थकेयर उत्कृष्टता की नई पहचान मिले।***

### आरोग्यम : महिला शक्ति का अनोखा प्रतीक




प्रबंध निदेशक का सपना है –"इलाज ही नहीं, अपनापन और विश्वास भी।" उनका मानना है कि अस्पताल सिर्फ बीमारियों के इलाज की जगह नहीं, बल्कि संवेदनाओं और मानवीय जुड़ाव का केंद्र होना चाहिए। 85% से अधिक महिलाएं संभाल रही कमान

आरोग्यम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह एक महिला प्रधान संस्था है। यहां 85% से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं, जो अपनी संवेदनशीलता, करुणा और समर्पण के साथ मरीजों को विशेष अनुभव देती हैं। यही महिला शक्ति इस अस्पताल को बाकी संस्थानों से अलग बनाती ।

**कविता केजरीवाल दारूका**
मैनेजिंग डायरेक्टर

### "इरेक्टाइल डिसफंक्शन से जीत 50+ सफल पेनाइल इंप्लांट"



इरेक्टाइल डिसफंक्शन यानी नपुंसकता अब केवल बुज़ुर्गों की समस्या नहीं रही, बल्कि यह परेशानी युवाओं में भी तेजी से बढ़ रही है। तनाव, डायबिटीज, मोटापा, धूम्रपान और अनियमित जीवनशैली के कारण 25-40 साल के पुरुष भी इस समस्या का सामना कर रहे हैं। ***दिल्ली के प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. गौतम बांगा*** और डॉ. नवीन राम दारुका की टीम ने पेनाइल इंप्लांट सर्जरी में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। टीम अब तक 50+ से अधिक सफल सर्जरी कर चुकी है और दर्जनों मरीजों की जिंदगी बदल चुकी है।

***डॉ. गौतम बांगा का कहना है – "आजकल युवाओं में भी ED (इरेक्टाइल डिसफंक्शन) तेजी से बढ़ रहा है।*** जब दवाइयां असर नहीं करतीं, तब पेनाइल इंप्लांट सबसे भरोसेमंद विकल्प बन जाता है। हमारी टीम अब तक 50+ से अधिक मरीजों को नया आत्मविश्वास दे चुकी है।"







### दुर्ग में हृदय रोगियों के लिए नई उम्मीद: डॉ. आकाश बख्शी



हृदय रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई क्रांति शुरू हुई है। अस्पताल में मौजूद अत्याधुनिक कैथ लैब हृदय की जटिल प्रक्रियाओं को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से संपन्न करने में सक्षम है। यही कारण है कि हृदय रोग के गंभीर मामलों में भी मरीजों को बेहतरीन परिणाम मिल रहे हैं। हाल ही में, अल्प समय में आरोग्यम हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग ने 150+ से अधिक एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक संपन्न करके इतिहास रचा है। यह उपलब्धि न केवल अस्पताल की क्षमता को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित हुई है। डॉ. बख्शी के अनुभव और समर्पण ने अस्पताल को क्षेत्र में हृदय रोग के इलाज में अग्रणी बना दिया है। यहा मरीजों को केवल इलाज नहीं, बल्कि विश्वसनीयता, सुरक्षा और सुकून का अनुभव मिलता है। आधुनिक तकनीक, कुशल डॉक्टरों और समर्पित स्टाफ का अनूठा मिश्रण हर मरीज के लिए नई उम्मीद जगाता है। यही कारण है कि दुर्ग और आसपास के क्षेत्र के लोग हृदय रोग के मामलों में, हॉस्पिटल को सबसे भरोसेमंद विकल्प मानते हैं। मरीजों की मुस्कान और स्वस्थ जीवन ही इस अस्पताल की असली उपलब्धि है।

**आपके दिल का सच्चा साथी**

**ECG रिपोर्ट भेजें और जानिए अपने दिल की सेहत का हाल . निःशुल्क 7440711113**

### "एक साल में हमारी अभूतपूर्व सफलता"

**कार्डियोलॉजी -**
- 300+ एंजियोग्राफी
- 150+ एंजियोप्लास्टी
- 40+ पेसमेकर इंप्लांट



**यूरोलॉजी -**
- 1500+ किडनी स्टोन सर्जरी
- 50+ पेनाइल इंप्लांट
- 150+ रिकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी
- 65+ पुरुष बांझपन का इलाज



**नेफ्रोलॉजी-**
- 2 सफल किडनी ट्रांसप्लांट
- 13000+ डायलिसिस
- 1200+ CKD
- 24x7 उपलब्ध विशेषज्ञ टीम



**गैस्ट्रोएंटरोलॉजी -**
- 500+ एंडोस्कोपी
- 100+ कोलोनोंस्कोपी
- 60+ ERCP



**दुर्घटना में जीवन रक्षक**
- 1 साल में 100 से अधिक गंभीर
- मरीजों को नया जीवन

**ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी**

**99% सर्जरी दूरबीन से**



### "आरोग्यम में एडवांस्ड किडनी व यूरोलॉजी सुविधाएँ"



बदलती जीवनशैली और खानपान की वजह से किडनी और यूरोलॉजी से जुड़ी बीमारियाँ लगातार बढ़ रही हैं। पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, बार-बार पेशाब में जलन या रुकावट, संक्रमण, क्रॉनिक किडनी डिजीज (CKD) और किडनी फेल्योर जैसी समस्याएँ अब आम हो गई हैं। इन रोगों का इलाज अब अत्याधुनिक तकनीकों से किया जा रहा है। यहाँ लेज़र सर्जरी और एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं की सुविधा है, जिससे मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्राव और जल्दी रिकवरी का लाभ मिलता है। गंभीर मरीजों के लिए किडनी ट्रांसप्लांट और CKD मैनेजमेंट की विशेष सुविधा भी उपलब्ध है। **जहां शहर की सबसे आधुनिक एवं सबसे बड़ा डायलिसिस यूनिट भी उपलब्ध है** यही वजह है कि दूर-दराज़ से भी मरीज यहाँ उपचार के लिए पहुँच रहे हैं। **किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर. के. साहू और यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारूका** अपनी विशेषज्ञता से मरीजों का सफल उपचार कर रहे हैं।



**अत्याधुनिक बर्न यूनिट आरोग्यम -** सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में शहर की सबसे आधुनिक बर्न यूनिट संचालित होने जा रही है, जहां अनुभवी विशेषज्ञ डॉ. दीपक कोठारी के मार्गदर्शनि में हर प्रकार के बर्न मरीजों का इलाज किया जाएगा । यहां थर्मल, इलेक्ट्रिक और केमिकल बर्न से पीड़ित मरीजों के लिए 24 घंटे, 7 दिन निरंतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।अस्पताल में आधुनिक मशीनों, संक्रमण नियंत्रण की विशेष व्यवस्था और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ के साथ गंभीर रूप से झुलसे मरीजों को समय पर बेहतर उपचार प्रदान किया जा रहा है। यह बर्न यूनिट क्षेत्र के मरीजों के लिए राहत और नई उम्मीद साबित हो होगी।

**"अपनों का इलाज - अपने शहर में"**

**CGHS | POWER GRID | BSNL | SECR | CSEB | ALL INSURANCE & TPA | FCI | IIT BHILAI COAL INDIA | ECHS |ESIC TERTIARY | BSP EMPLOYEE & EX-EMPLOYEE**



# आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

97554 21861 , 0788-2990458

NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

aarogyam hospital

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस आज मनाएगी अपना स्थापना दिवस

**कवर्धा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी 28 दिसम्बर को कांग्रेस स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएगी। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल से मिली जानकारी के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 28 दिसम्बर रविवार को सुबह 09.00 बजे शहर कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 140 वीं कांग्रेस स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर झंडा फहराया जाएगा। साथ ही दोपहर 12.00बजे शहर कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर 51 वरिष्ठ कांग्रेस जनों का सम्मान किया जाएगा। कांग्रेस स्थापना दिवस के मौके पर कांग्रेस जनों द्वारा संगोष्ठी कार्यक्रम भी आयोजित की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जायसवाल ने जिले के सभी विंगो के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया है।

### गैर अंशधारी गन्ना किसानों को पर्ची जारी

**कवर्धा।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया में वर्तमान में अंशधारी कृषकों से गन्ना क्रय कर पेराई किया जा रहा है। सत्र 2024-25 में कारखाना में गन्ना आपूर्ति करने वाले गैर अंशधारी कृषकों से भी गन्ना क्रय किया गया था तथा ऐसे कृषकों को इस सत्र 2025-26 में अंशधारी सदस्य बनाने की प्रक्रिया की गई। आगामी सत्र में भी नए अंशधारी सदस्य बनाने की प्रक्रिया की जावेगी। इसके लिए कारखाना की सदस्यता प्राप्त करने हेतु ऐसे गैर अंशधारी कृषक जो निर्धारित प्रारूप में (प्रारूप-क) में आवेदन पत्र जमा करके इस सत्र सर्वे के अनुसार गन्ना कारखाने को प्रदाय करते है, तो उन्हें आगामी वर्ष में कारखाना के उपविधि के अनुसार सदस्यता प्रदाय करने संबंधी निर्णय बोर्ड की बैठक में लिया गया है। जिसके तारतम्य में कुल 2800 कृषकों द्वारा प्रारूप-क में सदस्यता प्रदाय संबंधी आवेदन कारखाना को प्राप्त हुआ है एवं यह आवेदन प्राप्त करने का क्रम लगातार जारी है। प्रारूप-क में आवेदन प्रदान करने वाले गैर सदस्यताधारी 2800 कृषकों को कारखाने हेत से 29 दिसम्बर 2025 क्रमशः पर्ची जारी किया जावेगा।

### ग्रामीणों को ग्रामसभा में दी गई जानकारी

**कवर्धा।** ग्रामीणों को 125 दिनों का रोजगार, समय पर मजदूरी भुगतान, मांग आधारित रोजगार, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास और आजीविका संवर्धन सहित अनेक जन कल्याणकारी प्रावधानों के साथ बने नए कानून विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण, विकसित भारत जी राम जी की जानकारी ग्रामीणों को ग्राम सभा के माध्यम से दी गई। ग्राम सभा में बताया गया है कि नय योजना से विकसित ग्राम से विकसित राष्ट्र की कल्पना साकार होगी और ग्रामीणों के जीवन मे सकारात्मक बदलाव आएगा। मनरेगा में होने वाले बदलाव के विषय में ग्रामीणों को पूरी जानकारी देने के लिए कबीरधाम जिले के सभी ग्राम एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

**विरोध प्रदर्शन : जिला न्यायालय कवर्धा परिसर में फूंका गया पुतला**

# भूपेश बघेल के बयान को लेकर हिंदू सनातन मंच ने किया विरोध

**जमकर की गई नारेबाजी, जताया गया विरोध**



हिन्दू सनातन मंच ने जहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उनका पुतला दहन किया वहीं जिला न्यायालय परिसर में आयोजित इस पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित सनातनियों ने श्री बघेल के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की और अपना विरोध व नाराजगी जताई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कथावाचक एवं संत धीरेंद्र शास्त्री को लेकर दिए गए वक्तव्य को लेकर राजनीतिक व सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

भूपेश बघेल ने अपने बयान में धीरेंद्र शास्त्री की कार्यप्रणाली, उनके आयोजनों तथा गतिविधियों पर प्रश्न उठाते हुए उन्हें राजनीतिक एजेंडे से जोड़ने जैसी टिप्पणी की थी, जिसे लेकर हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त है। इसी क्रम में हिंदू सनातन मंच के सदस्य पोखराज सिंह परिहार, आदित्य झा, रवि सिंह राजपूत, तुलेश्वर शर्मा, नितिन पाठक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कवर्धा न्यायालय परिसर के सामने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया।

मंच के सदस्यों ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर रह चुके व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की भाषा और आरोप न केवल अनुचित हैं, बल्कि इससे समाज में अनावश्यक वैमनस्य फैलने की आशंका भी बनती है। हिंदू सनातन मंच का कहना है कि जो लोग हिंदू एकता और सनातन संस्कृति की बात करते हैं, वही आज कुछ नेताओं की आंखों में खटक रहे हैं। मंच के सदस्यों ने आरोप लगाया कि धार्मिक विषयों को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने और सार्वजनिक मंचों से संतों पर टिप्पणी करने से समाज की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती संत-महात्माओं की परंपरा से समृद्ध रही है और ऐसे में किसी भी धार्मिक व्यक्तित्व पर बिना तथ्यात्मक आधार के टिप्पणी करना निंदनीय है। मंच ने पूर्व मुख्यमंत्री से अपने बयान पर संयम बरतने और सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा का प्रयोग करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू समाज अपने धार्मिक विश्वासों और संत परंपरा के सम्मान की रक्षा के लिए संगठित और सजग है।

## अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती पर काव्य गोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व के काव्य पक्ष पर केन्द्रित वनमाली सृजन केन्द्र, पाठक मंच व लायंस क्लब की एक संयुक्त संगोष्ठी गुरूवार की शाम को सर्किट हाउस के अशोक हॉल में आयोजित की गई। वनमाली केन्द्र के अध्यक्ष नीरज मनजीत, साहित्यकार व पुरातत्त्व विशेषज्ञ आदित्य श्रीवास्तव तथा पीजी कॉलेज में हिंदी के सहायक प्राध्यापक नरेन्द्र कुमार कुलमित्र ने अटल जी की कविताओं का विश्लेषण करते हुए आलेख पढ़े। ख्यात कवि उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। नीरज मनजीत ने भूमिका में कहा कि अटल जी के विराट राजनीतिक व्यक्तित्व की छाया में उनका कवि व्यक्तित्व अलक्षित रह जाता है, अतः उनके काव्य पक्ष को चर्चा में लाने का हमने छोटा सा प्रयास किया है। नीरज ने अपने आलेख में कहा कि-अटल की कविताओं में आशा-निराशा, जय-पराजय, संघर्ष, 8 संवेदनाओं और उच्चतम जीवन मूल्यों की बहुत ही सुंदर अभिव्यक्ति देखी जा सकती है। वे प्रांजल-समृद्ध, संस्कृतनिष्ठ, सुरुचिपूर्ण हिंदी में कविताएं रचते हैं। वे राष्ट्रप्रेम से भरे मानवीयता के पक्षधर कवि हैं, जिनकी भाषा, शैली और अभिव्यक्ति में भारतीय संस्कृति, संस्कार और आध्यात्मिक दार्शनिक दृष्टि झलकती है। आदित्य श्रीवास्तव ने आलेख में कहा कि श्री वाजपेयी की कविताएं केवल साहित्यिक रचनाएं नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन, राष्ट्र चेतना और मानवीय मूल्यों का घोषणापत्र हैं। उनकी कविता बताती है कि शक्ति के साथ संवेदना और नेतृत्व के साथ विनम्रता संभव है। उनकी कविताएं युवाओं को संघर्ष का साहस, समाज को दिशा और राष्ट्र को आत्मबल प्रदान करती हैं। कुलमित्र ने अपने विश्लेषण में कहा कि उनकी कविताओं में यथार्थ, कर्तव्यबोध, राष्ट्रीयता, जिजीविषा और मानवीय करुणा का अद्भुत समन्वय है। उनकी भाषा सरल, संप्रेषणीय और जनमानस से सीधा संवाद स्थापित करने वाली है।

# राज्यस्तरीय मुस्कान हॉकी कप प्रतियोगिता में बिलासपुर रही विजेता

## बोड़ला की हॉकी टीम बनी उपविजेता




■ सांसद संतोष पाण्डेय ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला में आयोजित चार दिवसीय मुस्कान हॉकी कप प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया, प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय उपस्थित थे।

समापन अवसर पर प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला बोड़ला टीम और बिलासपुर टीम के बीच खेला गया। जिसमें 3-1 से बिलासपुर की टीम विजयी रही। पहला गोल 9 वे मिनट में बोड़ला की ओर से रुखमणी ने किया। 15 वे मिनट में बिलासपुर की ओर से दामिनी खुसरो ने गोल किया। 22 वे मिनट में बिलासपुर की ओर से मधु सिदार ने गोल किया।

30 वे मिनट में फिर मधु ने गोल किया। मैच 15-15 मिनट के दो हाफ में खेला गया। फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बिलासपुर की मीनाक्षी उमरे रही। प्लेयर ऑफ द सीरीज दामिनी खुसरो, बेस्ट डिफेंडर संपदा निर्मलकर बिलासपुर, सर्वोच्च स्कोरर मधु सिदार बिलासपुर तथा बेस्ट गोलकीपर कमलेश्वरी लहरे बोड़ला रही। पहला सेमी फाइनल बिलासपुर बनाम राजनंदगांव खेला गया। जिसमें 4-0 के स्कोर से बिलासपुर ने जीत दर्ज की। इसी प्रकार दूसरा सेमी फाईनल रायपुर-बोड़ला के बीच खेला गया।

जिसमें 2-0 बोड़ला विजेता रहा। विजेता टीम बिलासपुर को 21000 रूपए नगद एवं सील्ड और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले उप विजेता टीम बोड़ला को 15000 रूपए एवं सील्ड राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय के हाथों विजेता व उपविजेता टीम को प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन धुर्वे, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, अजित चन्द्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष काशीराम उईके, प्रेमकांत मिश्रा, पूर्व जनपद सदस्य नरेश चन्द्रवंशी व वरिष्ठ नेतागण, जनप्रतिनिधिगण, जिला व मंडल के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण और नागरिकगण मौजूद थे।

### करीब 12 टीमो ने लिया हिस्सा

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत बोड़ला के छोटे से मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय मुस्कान हॉकी कप प्रतियोगिता में लगभग 12 टीमें ने हिस्सा लिया था। जिनमें बिलासपुर प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वही बोड़ला की टीम दूसरा स्थान रही। प्रतियोगिता को लेकर नगरवासियों सहित खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# कड़ाके ठंड, उस पर शीतलहर से लोगों का हाल बेहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण व वनांचल इलाकों तक लगातार बढ़ रही ठंड लोगों पर भारी पड़ती जा रही है। ठंड के साथ अब शीतलहर का असर भी बढ़ने लगा है, जिससे आमजन की परेशानियां और अधिक बढ़ गई हैं। दिसंबर माह के अंतिम दिनों में जिलेभर में कड़ाके की ठंड का कहर साफ तौर पर देखा जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोग केवल रात में ही नहीं, बल्कि दिन के समय भी गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हैं। सबसे अधिक ठंड का असर जिले के बोड़ला, चिल्फी घाटी, रेंगाखार जंगल, तरेगांव जंगल, सिंघनपुरी जंगल तथा पंडरिया विकासखंड के वनांचल क्षेत्रों में महसूस किया जा रहा है। इन इलाकों से मिल रही जानकारियों के अनुसार यहां ठंड का आलम बेहद गंभीर है। रात के समय आसमान से गिरने वाली ओस सुबह तक जमीन पर जमी हुई दिखाई दे रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन इलाकों में तापमान कितना नीचे चला गया है। ऐसे हालात में ग्रामीणों, वनवासियों के साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी ठंड बड़ी चुनौती बन गई है। वनांचल क्षेत्रों के अलावा शहरी और मैदानी इलाकों में भी ठंड का असर कम नहीं है। सुबह सूर्योदय से पहले और शाम को सूर्यास्त के बाद कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। घना कोहरा और ठंडी हवाएं लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रही हैं। सुबह के समय लोग अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं, वहीं बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी ठंड से बचाव के इंतजाम नजर आने लगे हैं।

### कड़ाके की ठंड का सेहद पर भी असर

कड़ाके की ठंड का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। अत्यधिक ठंड के कारण सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, सिरदर्द तथा हाथ-पैरों में दर्द जैसी शिकायतों में इजाफा हुआ है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग ठंड से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि गर्म कपड़े पहनें, ठंडे पानी और ठंडी हवा से बचें, गरम पेय पदार्थों का सेवन करें तथा जरूरत पड़ने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत मिलने के आसार कम हैं, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

### मसूर फसल का समूह प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा द्वारा आदर्श दलहन ग्राम योजना के अंतर्गत मसूर फसल की उन्नत कास्त तकनीक विषय पर कृषक संगोष्ठी सह आदान सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन 02 दिसंबर 2025 को किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मसूर की उन्नत किस्म कोटा मसूर-4 का समूह प्रदर्शन किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी ने बताया कि कोटा मसूर-4 की खेती के लिए बलुई दोमट अथवा दोमट मिट्टी, जिसमें जल निकासी की अच्छी व्यवस्था हो, सर्वाधिक उपयुक्त होती है। मसूर की बुवाई अक्टूबर-नवंबर माह में की जाती है तथा इसके लिए 30 से 40 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर की आवश्यकता होती है। । कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदर्शन पूर्व कृषकों को संगोष्ठी के माध्यम से मसूर की वैज्ञानिक पद्धति की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## सांसद ने निर्माणाधीन गौरवपथ का किया निरीक्षण...



**कवर्धा।** क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने शनिवार को राजनांदगांव बाईपास रोड से पिलारी नहर होते हुए नवीन बाजार तक 10 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन गौरवपथ निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं कार्यों का निरीक्षण किया। सांसद पांडेय ने ठेकेदार को गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न होने और गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय में कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। सांसद पांडेय ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जनता को बेहतर आवागमन एवं मूलभूत की सुविधा उपलब्ध हो और क्षेत्र का आर्थिक विकास सुनिश्चित हो। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल भी मौजूद थे।

**1 जनवरी को सीएम विष्णुदेव साय व केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे भूमिपूजन**

# नए साल के पहले दिन मिलेगी भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नए साल के पहले दिन कबीरधाम जिले को बहुप्रतीक्षित भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर की सौगात मिलने जा रही है। 01 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की विशेष उपस्थिति में इस वृहत पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, पर्यटन एवं जनआस्था के प्रमुख केन्द्र बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर से लेकर मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा एवं सरोदा जलाशय तक भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत भोरमदेव मंदिर परिसर एवं आसपास के ऐतिहासिक स्थलों के व्यापक विकास के लिए 146 करोड़ की लागत से इस भव्य पर्यटन कॉरिडोर का विकास होने जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर के भूमिपूजन की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की प्रस्तावित रूपरेखा के अनुसार तैयारियों की समीक्षा की और सभी संबंधित अधिकारियों को सारी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कार्यक्रम के मुख्य मंच निर्माण, दर्शक दीर्घा, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेटिंग, पंडाल निर्माण एवं यातायात प्रबंधन सहित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सभा स्थल पर मंच एवं बैठक व्यवस्था से संबंधित समस्त तैयारियों के लिए को पूरी तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य विभागों को भी आयोजन से जुड़ी आवश्यक तैयारियों के लिए दायित्व सौंपे गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनसमुदाय की उपस्थिति को देखते हुए सभी सुविधाएं सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ प्रत्येक कार्य की सतत मॉनिटरिंग करने तथा कार्यक्रम स्थल पर नियमित रूप से उपस्थित रहकर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर आरबी देवांगन, एसडीएम बोड़ला सागर सिंह राज सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में पहली बार शीतकालीन अवकाश के बाद अर्धवार्षिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




कबीरधाम जिले में शीतकालीन अवकाश के बाद पहली बार अर्धवार्षिक परीक्षा शीतकालीन अवकाश के बाद आयोजित की जाएगी। अर्धवार्षिक परीक्षा को लेकर डीईओ कार्यालय ने संशोधित टाइम टेबल जारी कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कवर्धा द्वारा जारी नई परीक्षा तिथियों के मुताबिक कक्षा 9 से 12वीं की परीक्षा 1, 2 और 5 जनवरी, कक्षा 6 से 8 वीं की परीक्षा 1 और 2 जनवरी प्रैक्टिकल/प्रायोजना परीक्षा 1 से 20 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। जबकि कक्षा 10 वीं व 12 वीं की मुख्य बोर्ड परीक्षा इस वर्ष 20 फरवरी से शुरू होंगी। वहीं दूसरी तरफ अचानक टाइम टेबल बदलने से शिक्षक व पालक नाराज हैं, उनका कहना है कि परीक्षाएं अवकाश से पूर्व हो जानी चाहिए थीं। जिला अध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने कहा कि अवकाश के बाद परीक्षा आयोजित करना उचित नहीं है, क्योंकि जनवरी में ही प्रैक्टिकल व अन्य परीक्षाओं से विद्यार्थियों पर लगातार बोझ बढ़ जाएगा। माना जा रहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग की इस बद इंतजामी और लापरवाही के चलते पिछले वर्ष प्रश्न पत्र में गड़बड़ी के कारण कक्षा 1 से 8 वीं तक की परीक्षा स्थगित करनी पड़ी थी और पुराने प्रश्न पत्र दोहराए जाने की जानकारी सामने आई थी।

## खबर संक्षेप

### सीएम विष्णुदेव साय आज बेमेतरा प्रवास पर



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज 28 दिसम्बर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे नवागढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव में सहभागिता करेंगे। महोत्सव की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू सहित कई मंत्री, सांसद, विधायक एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि बतौर अतिथि शामिल होंगे। प्रदेशभर से आए पंथी नृत्य दल अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति के संरक्षण के साथ गुरु घासीदास बाबा के संदेश "मनखे-मनखे एक समान" को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

### छात्र ने लगाई फांसी

**भिलाई।** नाबालिग छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच में लिया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि एलआईजी 164 हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी जुनवानी निवासी मयंक देशमुख 17 साल शुक्रवार शाम 4.30 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। खबर लगने पर पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया है। मृतक कक्षा 12 वीं के लिए ओपन परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पिता, भाई सब यहां रहते है और मां गांव में रहती है।

### मकान से 7 हजार नकदी व जेवरात पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने नगदी व चांदी के जेवरात पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम तर्रा पाटन दुर्ग निवासी दुर्ग दुष्यंत चंद्राकर दशगात्र में शामिल होने गया हुआ था। अज्ञात ने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गया। परिवरा समेत ग्राम पौहा से शाम को लौटने पर मकान के भीतर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। उतने में एक युवक मकान के भीतर से बाहर निकलकर भाग गया।

### नौकरी लगाने का झांसा 3.25 लाख की धोखाधड़ी

**भिलाई।** पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर झांसा देकर रकम ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि ग्राम डूंडेरा उतई निवासी कमल सिंह साहू ने 8 जून 2012 को ग्राम मोरिद निवासी शोभाराम साहू को नौकरी लगाने के नाम पर 3.25 लाख रुपए लिया था। पीड़ित के बेटे को बलौदा बाजार में पुलिस में नौकरी लगाने रकम दिया था।

# आरटीओ ई-चालान के नाम पर बढ़ रही साइबर ठगी, नागरिकों से सतर्क रहने की अपील

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

आरटीओ ई-चालान के नाम पर साइबर ठगी के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। शातिर साइबर अपराधियों द्वारा परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट जैसी दिखने वाली क्लोन वेबसाइट एवं फर्जी लिंक के माध्यम से आम नागरिकों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है।

परिवहन विभाग के अनुसार, ठगों द्वारा यातायात नियम उल्लंघन का हवाला देते हुए डराने वाले मैसेज भेजे जा रहे हैं, जिनमें ई-चालान भुगतान के नाम पर लिंक दिया जाता है। जैसे ही नागरिक इन लिंक पर क्लिक करते हैं, उनकी व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त कर बैंक खाते से राशि निकाल ली जाती है। इस संबंध में जिला परिवहन विभाग के अधिकारी अरविंद भगत ने नागरिकों से अपील की है कि वे ई-चालान के नाम पर आने वाले किसी भी संदिग्ध मैसेज, शॉर्ट लिंक, .apk फाइल या व्यक्तिगत मोबाइल नंबर से आए संदेशों पर क्लिक न करें। ऐसे संदेशों का उद्देश्य लोगों को भयभीत कर जल्द भुगतान के लिए मजबूर करना होता है।

## फर्जी लिंक व क्लोन वेबसाइट से बचें, केवल अधिकृत पोर्टल से ही करें भुगतान

### जागरूकता और सतर्कता ही साइबर ठगी से बचाव का उपायः परिवहन विभाग

परिवहन विभाग ने कहा है कि नागरिकों की जागरूकता और सतर्कता ही साइबर ठगी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। ई-चालान से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या भुगतान केवल अधिकृत सरकारी वेबसाइट के माध्यम से ही करें।

### अधिकृत वेबसाइट का ही करें उपयोगः विभाग

विभाग ने स्पष्ट किया है कि ई-चालान से संबंधित सही जानकारी एवं भुगतान के लिए नागरिक केवल भारत सरकार की अधिकृत वेबसाइट का ही उपयोग करें। वेबसाइट पर " पे ऑनलाइन" विकल्प के माध्यम से चालान नंबर एवं कैप्चा दर्ज कर ओटीपी सत्यापन के बाद सुरक्षित भुगतान किया जा सकता है। परिवहन विभाग एवं पुलिस के प्रवर्तन अमले द्वारा किए गए ई-चालान की सूचना केवल पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ही भेजी जाती है। किसी अन्य वेबसाइट या निजी नंबर से प्राप्त संदेश को संदिग्ध मानते हुए उस पर कार्रवाई न करें। नागरिकों से अपील की गई है कि वे ऑनलाइन लेन-देन के दौरान अत्यधिक सतर्क रहें, ओटीपी, बैंक विवरण या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी फर्जी कॉल, संदेश या लिंक से धोखाधड़ी की आशंका होने पर तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

## विरोध : पुराना बस स्टैंड में प्रदर्शन, जमानत रद्द करने की मांग

# उन्नाव रेप केस के आरोपी पूर्व विधायक की जमानत रद्द करने को लेकर युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उन्नाव रेप केस के आरोपी और भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली जमानत का विरोध किया गया। शनिवार को युवा कांग्रेस ने शहर के पुराना बस स्टैंड में भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए उनकी जमानत रद्द करने की मांग की।

- भाजपा सरकार पर बलात्कारियों को संरक्षण देने का आरोप

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रांजल तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कुलदीप सेंगर को फांसी देने की मांग करते हुए नारे लगाए। तिवारी ने बताया कि सीबीआई कोर्ट ने नाबालिग से रेप के आरोपी कुलदीप सेंगर को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से उन्हें जमानत दिए जाने का युवा कांग्रेस विरोध कर रहा है।



### ये हुए शामिल

इस दौरान जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी के साथ प्रदर्शन में ललित विश्वकर्मा, रश्मि मिश्रा, रूबी सलूजा, नवीन ताम्रकार, वैभव मिश्रा, प्रकाश ठाकुर, विवेक ठाकुर, तामेश्वर साहू, गोलू टंडन, अजय राज सेन, दीपक दिनकर, शुभम गंधर्व, कैलाश साहू, अतुल साहू, राजू साहू, वतन मspan >, ऋत्विक तिवारी, प्रिंस डेहरे, प्रतीक दुबे, आशीष तिवारी, राहुल जोशी, यासिफ ख़ान, डिसेंट सिन्हा, जयंत, उत्पल गायकवर्ड, जानू, खोमन, सूरज ठाकुर, कौनेंन अली, शुभ, रघुवेंद्र मनु, उमेंद्र जोशी, कबीर वर्मा, प्रज्वल वर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जमानत रद्द कर वापस जेल भेजने की मांग

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रांजल तिवारी एवं संगठन ने मांग की है कि कुलदीप सेंगर की जमानत तत्काल रद्द कर उन्हें वापस जेल भेजा जाए। युवा कांग्रेस नेता तिवारी ने आरोप लगाया कि नाबालिग से रेप केस के आरोपी कुलदीप सेंगर को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जब तक दोषियों को सख्त सजा और पीड़िता को पूरा न्याय नहीं मिलेगा, युवा कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

### भाजपा सरकार पर दुष्कर्मियों को संरक्षण देने का आरोप

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार बलात्कारियों को संरक्षण दे रही है। तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि आरोपी की जमानत याचिका रद्द नहीं की गई, तो युवा कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। तिवारी ने कहा कि यह जमानत नहीं, बल्कि महिला सुरक्षा पर हमला, पीड़िता से विश्वासघात और भाजपा की अपराधियों को बचाने वाली सोच को दर्शाता है।


# मामूली विवाद पर तालिबानी सजाः 3 घंटे तक बंधक बनाकर दो युवकों की बेरहमी से पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गोड़ी कला में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। मामूली विवाद के बाद गांव के ही कुछ लोगों ने दो युवकों को बंधक बनाकर करीब तीन घंटे तक बेरहमी से पीटा। गंभीर रूप से घायल युवकों को परिजनों ने पुलिस की मदद से आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गोड़ी कला निवासी सूर्यदेव और टेकचंद टंडन का गांव के कुछ लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

- आधा दर्जन से अधिक आरोपियों ने दिया वारदात को अंजाम, दोनों युवक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

विवाद बढ़ते ही आरोपियों ने दोनों युवकों को बंधक बना लिया और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। बताया जा रहा है कि इस अमानवीय कृत्य में आधा दर्जन से अधिक लोग शामिल थे। घटना की



जानकारी जब पीड़ितों के परिजनों को मिली तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। देर रात पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को मुक्त कराया। इसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### कार्रवाई पर सवाल

घटना की गंभीरता के बावजूद अब तक पुलिस कार्रवाई न होने से क्षेत्र में आक्रोश है। इस संबंध में नवागढ़ थाना प्रभारी भुनेश्वर यादव ने बताया कि अब तक किसी भी पक्ष द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है, इसलिए फिलहाल प्रकरण दर्ज नहीं हो सका है। पीड़ितों को न्याय और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# गुरु घासीदास बाबा का जीवन-दर्शन युगों तक मानवता का करेगा मार्गदर्शनः छाबड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हतपान, बांसा एवं अछोली में आयोजित परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों एवं समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास का जीवन-दर्शन युगों तक मानवता को दिशा देने वाला है। पूर्व विधायक छाबड़ा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय में हुआ जब समाज में छुआछूत, ऊंच-नीच और झूठ-कपट जैसी कुरीतियां व्याप्त थीं। ऐसे विषम समय में बाबा ने "मनखे-मनखे एक समान" का संदेश देकर समाज को एकता, भाईचारे और समरसता का मार्ग दिखाया। उन्होंने प्रेम, करुणा, सत्य और अहिंसा को जीवन का मूल आधार बताया। उन्होंने कहा कि संत गुरु घासीदास की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। बाबा ने समाज को सात्विक जीवन जीने, नशा-पान से दूर रहने और सादा जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने न केवल सत्य की आराधना की, बल्कि अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति को मानवता की सेवा में समर्पित किया, जिसके परिणामस्वरूप लाखों लोग उनके अनुयायी बने। छाबड़ा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास आधुनिक युग के सशक्त क्रांतिदर्शी गुरु थे।

उनका व्यक्तित्व एक प्रकाश स्तंभ की तरह है, जिसमें सत्य, करुणा और जीवन का उच्च उद्देश्य स्पष्ट रूप से झलकता है। बाबा के बताए मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति अपने जीवन के साथ-साथ अपने परिवार और समाज को भी आगे बढ़ा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। समारोह में बाबा गुरु घासीदास के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

# आवारा पशुओं का सड़क पर कब्जा, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में आवारा पशुओं की बेकाबू होती संख्या अब प्रशासनिक विफलता का खुला प्रमाण बन चुकी है। हाट-बाजार, मुख्य सड़कें, चौक-चौराहे, मोहल्ले और रिहायशी इलाके-हर जगह खुलेआम घूम रहे गाय, सांड, बैल और आवारा कुत्तों ने आम नागरिकों और व्यापारियों के लिए भय का माहौल बना दिया है। इसके बावजूद नगर परिषद, ग्राम पंचायत और संबंधित विभाग अब तक केवल तमाशबीन बने हुए हैं।

- बेमेतरा में हाट-बाजार से लेकर गली-मोहल्लों तक जनसुरक्षा पर संकट

सब्जी बाजारों की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है। आवारा पशु दिनदहाड़े दुकानों में घुसकर सब्जियां रौंद रहे हैं, खा रहे हैं और ग्राहकों के हाथों से थैले छीन रहे हैं। विरोध करने पर पशु उग्र होकर हमला कर देते हैं। बाजार में पशुओं की लड़ाई से कई





बार अफरा-तफरी मच चुकी है और राहगीर घायल हो चुके हैं। व्यापारियों का कहना है कि रोजाना आर्थिक नुकसान हो रहा है, वहीं महिला ग्राहक भय के कारण बाजार आने से कतराने लगे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि करोड़ों रुपये खर्च कर चलाए गए "रोका-छेका" जैसे अभियान जमीनी स्तर पर क्यों नाकाम साबित रहे हैं। हकीकत यह है कि न गौठानों की स्थिति सुधरी है और न ही पशु पकड़ने की कोई ठोस कार्रवाई नजर आ रही है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को शिकायतें दी गईं, लेकिन हर बार अनदेखी की गई।

### आवारा कुत्तों का डर, हर गली में खौफ

शहर के लगभग हर गली, मोहल्ले और सड़क पर आवारा कुत्तों के झुंड देखे जा सकते हैं। इन कुत्तों के कारण सबसे अधिक भय बच्चों और महिलाओं को लेकर है। हर अभिभावक को यह चिंता सताती रहती है कि घर के सामने खेलते या स्कूल जाते समय कहीं ये कुत्ते झपट्टा मारकर हमला न कर दें। कई इलाकों में रात के समय इन कुत्तों का झुंड राहगीरों का पीछा करता नजर आता है, जिससे लोग घर से निकलने में भी डरने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनों-दिन शहर में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन नसबंदी, टीकाकरण या पकड़ अभियान जैसी कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही। प्रशासन की चुप्पी यह संकेत दे रही है कि वह किसी बड़े हादसे के बाद ही जागने की तैयारी में है।

### व्यापारियों और नागरिकों की मांग

- बाजार क्षेत्रों को नो-एनिमल ज़ोन घोषित किया जाए
- आवारा पशुओं और कुत्तों की तत्काल धरपकड़
- स्थायी गौशाला और शेल्टर की प्रभावी व्यवस्था

4 बच्चों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस कार्ययोजना

## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी का ब्लॉक-ब्लॉक संगठन दौरा शुरू

# जिले भर में सक्रिय हुई भाजपा महिला मोर्चा की नई कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा को नई दिशा देने के उद्देश्य से नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने जिले में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज कर दिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद वे लगातार जिले के विभिन्न ब्लॉकों और मंडलों में पहुंचकर महिला मोर्चा की बैठकों के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में जुटी हुई हैं। इसी क्रम में सरदा एवं भिंभोरी में आयोजित संगठनात्मक बैठकों ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि महिला मोर्चा अब केवल औपचारिक इकाई नहीं, बल्कि आगामी राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सक्रिय रणनीतिक भूमिका निभाने की दिशा में अग्रसर है। ग्राम सरदा स्थित रजक कृषि केंद्र तथा भिंभोरी नगर पंचायत के माता कर्मा भवन में आयोजित बैठकों में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही।



### महिला मोर्चा में नई ऊर्जा का संचार हुआ : वर्मा

जिला भाजपा महामंत्री पोषण वर्मा ने कहा कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के रूप में प्रज्ञा निर्वाणी की सक्रियता से महिला मोर्चा में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उनका जिलेभर में ब्लॉक–स्तरीय दौरा संगठन को मजबूत आधार प्रदान करेगा और भाजपा की राजनीतिक रणनीति को जमीनी मजबूती देगा। बैठकों में शरदा मंडल से कल्याणी साहू, रंगिता साहू, संतोषी पुरैना, सावित्री साहू, पूर्णिमा मानिकपुरी सहित अनेक महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। वहीं भिंभोरी मंडल की बैठक में मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संध्या नायक, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार का संकल्प लिया। दोनों बैठकों में प्रेमलता नेमा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। लगातार चल रहे इन ब्लॉक–स्तरीय बैठकों से यह स्पष्ट है कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा जिले में एक संगठित, सक्रिय और चुनावी रूप से प्रभावी ताकत के रूप में उभर रहा है।

### प्रत्येक ब्लॉक व मंडल में महिला मोर्चा को सक्रिय करना हैः निर्वाणी

बैठकों को संबोधित करते हुए प्रज्ञा निर्वाणी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और मातृ वंदना योजना को ग्रामीण महिलाओं के लिए जीवन बदलने वाली योजनाएं बताया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने महिलाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा, आर्थिक राहत और आत्मसम्मान दिया है, जिससे वे आज परिवार और समाज दोनों में सशक्त भूमिका निभा रही हैं। प्रज्ञा निर्वाणी ने संगठनात्मक स्पष्टता के साथ कहा पदभार संभालने के बाद मेरा पहला लक्ष्य जिले के प्रत्येक ब्लॉक और मंडल में महिला मोर्चा को सक्रिय करना है। संगठन समय, समर्पण और अनुशासन चाहता है। जो महिलाएं आगे आएंगी, उन्हें जिला एवं मंडल कार्यकारिणी में जिम्मेदारी देकर नेतृत्व के अवसर दिए जाएंगे।" उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आज महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक है, ऐसे में महिला मोर्चा भाजपा की सबसे प्रभावशाली शक्ति बन चुका है और हर बूथ तक संगठन की पकड़ मजबूत करना प्राथमिक एजेंडा है।

# चार साहेबजादों के शहादत दिवस पर घड़ी चौक में दूध का लंगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

चार साहिबजादों के शहादत दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर के घड़ी चौक में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ दूध का लंगर वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं एवं समाजसेवियों ने सहभागिता कर वीर बालकों के बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में रजककार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने चार साहिबजादों के बलिदान को मानवता, धर्म और सत्य की रक्षा का अनुपम उदाहरण बताते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन, विचारों एवं राष्ट्रसेवा पर आधारित विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में अटल जी के प्रेरक विचारों, चित्रों एवं ऐतिहासिक योगदानों को प्रदर्शित किया गया, जिसे कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने सराहा।

- भाजपा कार्यालय में अटल जी पर प्रदर्शनी



**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हर्षवर्धन तिवारी,सुश्री निशा चौबे, युवा मोर्चा अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, योगेश वर्मा, गौरव साहू, डॉ. विनय साहू, मोंटी साहू, नीतू कोठारी, रोशन दत्ता, संदीप यादव, सिमरन ताम्रकार, गोलू कोशले, धर्मेंद्र साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि व समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भिलाई नगर निगम में सड़क निर्माण के दौरान अनियमितता का आरोप

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम क्षेत्र के वार्डों में हो रहे सड़क निर्माण की धीमी रफ्तार, घटिया गुणवत्ता और करोड़ों रुपये के कथित भ्रष्टाचार के विरोध में भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल बीजेएमटीयूसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा डॉ. जयप्रकाश यादव ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार समयसीमा का पालन नहीं कर रहे, निर्माण में मिलावटी सामग्री का उपयोग हो रहा है और बड़े पैमाने पर फर्जी बिलिंग तथा कमीशनखोरी की जा रही है। डॉ. यादव ने कहा बारिश के दौरान सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बन जाते हैं। इससे भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने 12 करोड़ 66 लाख रुपये के पेवर ब्लॉक कार्यों में फर्जी भुगतान के आरोपों का उल्लेख किया। साथ ही रिसाली जोन के वार्ड 39 में बनी सड़क के कथित घटिया गुणवत्ता के कारण उखाड़े जाने की घटना से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### फल व बिस्किट वितरण कर मनाया जनशताब्दी वर्ष

**भिलाई।** भाजपा जिला भिलाई के महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक के नेतृत्व में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जनशताब्दी फल व बिस्केट वितरण कर मनाई गई। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा भिलाई और भाजपा पदाधिकारियों के द्वारा लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल भर्ती मरीज से कुशलक्षेम पूछा गया व फल वितरण किया तथा छोटे बच्चों के लिये बिस्केट के पैकेट दिए गए। इस दौरान स्वीटी कौशिक, सरला आचार्य, गीता विश्वकर्मा, प्रमिला दुबे, सरोज सिंह, अनुपमा शुक्ला, रबिता सिंह, संबुजा देवी, सुगंधी सोनी, विजय सिंह, संध्या ठाकुर, परमजीत कौर, रश्मि साव, विजय शुक्ला, गुरनाम सिंह आदि उपस्थित थे।

### आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मुफ्त में मिली रसोई गैस



**दुर्ग।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत शुक्रवार को चार हितग्राहियों को निःशुल्क एलपीजी गैस सिलेंडर वितरित किया गया। जैसे ही महिलाओं को सिलेंडर मिला, उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। यह खुशी सिर्फ सुविधा मिलने की नहीं थी, बल्कि वर्षों से चली आ रही परेशानियों से राहत पाने की थी। छोटे से कच्चे मकान में जीवन गुजार रहीं राजेश्वरी साहू, मीना यादव, परमेश्वरी वर्मा और पावर्ती के लिए यह दिन किसी सपने के पूरे होने जैसा था। चूल्हे पर खाना बनाते समय धुएं, आंखों में जलन और सांस की तकलीफ से जूझना उनकी रोजमर्रा की मजबूरी थी। उज्ज्वला योजना के तहत स्वच्छ रसोई ईंधन उपलब्ध होने से अब उनके घरों में धुएं से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों में कमी आई है।

# संत कबीर समागम मेला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर बना श्रद्धालुओं के लिए वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ सैकड़ों लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

जिले के ग्राम लोलेसरा एवं बैजी में आयोजित चार दिवसीय पंथ श्री हुज़ूर उग्रनाम साहेब स्मृति संत कबीर समागम मेला के अवसर पर जनसेवा की भावना को साकार करते हुए आयुष्मान सेवा संस्थान एवं न्यू आयुष्मान हॉस्पिटल ने मेला स्थल पर एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मेला में पहुंचे श्रद्धालुओं, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं प्राथमिक उपचार किया गया। शिविर के दौरान सामान्य रोगों की जांच के साथ-साथ रक्तचाप एवं शुगर परीक्षण भी किया गया तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर का लाभ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उठाया। आयोजकों द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति उपचार से वंचित न रहे। इस सराहनीय पहल की मेला में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

मानव सेवा ही सच्ची सेवा है और आगे भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।" संत कबीर समागम मेला के दौरान आयोजित यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सेवा, समर्पण एवं सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बना, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त हुआ।

### आयुष्मान सेवा संस्थान एवं न्यू आयुष्मान हॉस्पिटल की संयुक्त पहल




#### स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और समय पर जांच जरूरी

इस अवसर पर न्यू आयुष्मान हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अनिल कुमार पटेल ने कहा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और समय पर जांच अत्यंत आवश्यक है। इस शिविर के माध्यम से हमने श्रद्धालुओं को न केवल उपचार प्रदान किया, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक किया। न्यू आयुष्मान हॉस्पिटल भविष्य में भी समाजहित में ऐसे सेवा कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहेगा। वहीं आयुष्मान सेवा संस्थान के अध्यक्ष गिरीश 'बिट्टू' शर्मा ने अपने संबोधन में कहा आयुष्मान सेवा संस्थान का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। संत कबीर समागम जैसे आध्यात्मिक आयोजनों में सेवा कार्य करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

## पीने को पानी नसीब नहीं और हो रही बसों की धुलाई

# घरों में शौचालय है लेकिन पानी नहीं सफाई व्यवस्था लचर, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वार्ड परिक्रमा

नगर निगम भिलाई के जोन 4 के वार्ड 38 में आज भी लोग पानी, सफाई और पट्टा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। कहीं शौचालय में पानी नहीं, तो कहीं पानी के बावजूद शौचालय नहीं है। कई इलाकों में गंदगी लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गई है।

नगर निगम के जोन 4 अंतर्गत वार्ड 38 में लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं का इंतजार कर रहे हैं। कहीं घरों में शौचालय तो बन गए, लेकिन पानी नहीं है। और जहां पानी मिलता है, वहां शौचालय नहीं। नतीजा यह कि कई परिवार आज भी रेलवे पटरी के किनारे शौच के लिए मजबूर हैं। सोनिया गांधी नगर, पं. रविशंकर शुक्ल मार्केट, शहीद वीर नारायण सिंह नगर, बैरागी मोहल्ला और सूर्यानगर जैसे बड़े हिस्सों में लोग पानी, सफाई और जमीन के पट्टे के लिए सालों से भटक रहे हैं। यहां एक ओर गरीब परिवारों को अब तक पट्टा नहीं मिला, तो दूसरी ओर पैसे वाले लोगों को पट्टा जारी कर दिया गया। सूर्यानगर और बैरागी मोहल्ला इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इधर शहीद वीर नारायण सिंह इलाके के घरों में शौचालय तो बन गए, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं है। लोग कहते हैं कि पीने का पानी तो सही से मिल नहीं रहा, लेकिन इसी पानी से बस स्टैंड में बसों की धुलाई हो रही है। वार्ड के कई हिस्सों में नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं। नालियों को देखकर साफ समझ आता है कि कई दिनों से सफाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतें कई बार की गई है।



### मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा सोनिया गांधी वार्ड





#### नहीं पहुंचा पानी



वार्ड 38 के शहीद वीर नारायण सिंह नगर में घरों में शौचालय तो बना दिए गए, लेकिन पानी अब तक नहीं पहुंचा। इलाके की निवासी कृष्णा बाई चौधरी ने बताया कि आशीष होटल के पीछे रहने वाले परिवार कई सालों से पानी की समस्या झेल रहे हैं। घर-घर शौचालय निर्माण कराया गया, लेकिन पानी की सप्लाई नहीं हुई। नतीजा यह है कि लोग आज भी शौच के लिए रेलवे पटरी के पास जाने को मजबूर हैं।

#### दुकानों की रजिस्ट्री अटकी, बरामदा में कब्जा, टैक्स फिर भी बराबर



सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील ने बताया कि पं. रविशंकर शुक्ल मार्केट के करीब 60 फीसदी दुकानों की रजिस्ट्री अब तक पूरी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि मार्केट के फ्रंट हिस्से में दुकानों के लिए करीब 10 फीट का बरामदा दिया गया था। आरोप यह है कि कुछ दुकानदारों ने नगर निगम अधिकारियों की मिलीभगत से इसी बरामदे पर पक्का निर्माण कर लिया। दूसरी ओर पीछे की दुकानों के पास यह बरामदा नहीं है, फिर भी दोनों तरफ के दुकानदारों से नगर निगम द्वारा टैक्स बराबर लिया जा रहा है। सुमन शील ने यह भी आरोप लगाया कि कई लीज दुकानों की खरीद फरोख्त नगर निगम की अनुमति के बिना की जा रही है। इस पूरे मामले की शिकायत जिला प्रशासन और नगर निगम में की गई है।

#### नल से बसों की धुलाई



पं. रविशंकर शुक्ल मार्केट में निवासी सुभाष पारडे ने बताया कि यहां लंबे समय से लोग पानी के लिए परेशान हैं। आसपास के इलाकों में नलों के माध्यम से नियमित सप्लाई होती है, लेकिन इस मार्केट क्षेत्र में लोगों को अब भी पानी की सुविधा नसीब नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां बने सार्वजनिक शौचालय से पानी की सप्लाई तो की जाती है, लेकिन वह भी जरूरतमंद लोगों के काम नहीं आ रहा। वही पानी बसों की धुलाई और सफाई में इस्तेमाल किया जा रहा है। बस स्टैंड बनाया गया, लेकिन व्यवहार में यह सिर्फ बस डिपो बनकर रह गया है। यहां दूसरे राज्यों की बसें खड़ी रहती हैं, और मार्केट के एकमात्र नल से ही बसों की धुलाई की जाती है।

#### नरकीय जीवन जीने को मजबूर लोग



बैरागी मोहल्ला निवासी विजय बाग, प्रकाश दीप, कृतिका बाग, सरस्वती यादव और अन्य लोगों ने बताया कि गरीब तबके के परिवारों को अब तक पट्टा नहीं मिला, जबकि सक्षम लोगों को पहले ही पट्टा जारी कर दिया गया। चुनाव के समय जनप्रतिनिधियों ने पट्टा दिलाने का आश्वासन दिया था। यहां एक सार्वजनिक शौचालय है, जो महिलाओं के लिए आरक्षित है। पुरुषों के लिए किसी तरह की व्यवस्था नहीं है।

#### नहीं मिला है पट्टा

बीएसपी की जमीन है इसलिए कुछ लोगों को पट्टा नहीं मिला है। कुछ इलाकों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इसका मुद्दा एमआईसी की बैठक में उठाया गया है। जहां भी साफ सफाई का अभाव है उसे पूरा किया जाएगा। **-पियुष मिश्रा,** पार्षद वार्ड 38, सोनिया गांधी नगर

## कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का बेरला दौरा



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/बेरला

■ भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने किया भव्य एवं आत्मीय स्वागत

छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री, आरंग विधायक एवं सतनामी समाज के धर्मगुरु खुशवंत साहेब का बेरला रेस्ट हाउस में आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने अपने सहयोगियों के साथ पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय अभिवादन के साथ उनका स्वागत किया।

गुरु खुशवंत साहेब के आगमन से बेरला क्षेत्र में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण देखने को मिला। सतनामी समाज के लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में उनके दर्शन और मार्गदर्शन को लेकर विशेष उत्साह रहा। गुरु खुशवंत साहेब ने ग्राम सांकरा सिरसा एवं बहुनवांगांव में आयोजित परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने समाज को सत्य, सेवा और समानता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा "गुरु खुशवंत साहेब केवल एक कैबिनेट मंत्री ही नहीं, बल्कि सतनामी समाज के आध्यात्मिक पथप्रदर्शक हैं। उनके विचार, सेवा भावना और सामाजिक समरसता का संदेश समाज को नई दिशा देता है। उनका बेरला आगमन हम सभी के लिए सौभाग्य का विषय है।" उन्होंने कहा कि सतनामी समाज ने सदैव सत्य, अहिंसा, सेवा और सामाजिक एकता के मूल्यों को जीवित रखा है और गुरु खुशवंत साहेब के नेतृत्व में समाज निरंतर प्रगति कर रहा है।

### सामाजिक समरसता व विकास पर हुई चर्चा

बेरला रेस्ट हाउस में संक्षिप्त भेंट के दौरान क्षेत्रीय विकास, किसानों की समस्याएं, सामाजिक समरसता एवं सतनामी समाज के उत्थान से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर गुरु खुशवंत साहेब जी ने कहा समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है जब हर वर्ग को साथ लेकर चला जाए। सतनाम के विचार—सत्य, सेवा और समानता—आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।" इस अवसर पर सतनामी समाज ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत चंदेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल देशलहरे, प्रह्लाद रजक, मानक चतुर्वेदी, गौरव द्विवेदी, मनोज सिन्हा, साहिल गेंडरे, प्रियांशु सिंह, मनोज बंजारे, पार्षद पुरुषोत्तम यादव सहित दिनेश चतुर्वेदी, हेमंत चंदेल, साहिल गेंडरे, मनोज सिन्हा, पीयूष शर्मा, राजेश मार्कण्डेय, मनोज बंजारे सहित भाजपा एवं सतनामी समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का स्वागत किया।

### भगवान का कीर्तन ही जीव के कल्याण का माध्यम है : तोरण शर्मा

**निकुम।** श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकुम प्रांगण में भक्ति की धारा बह रही है। राधा रमण महिला मंडली ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा में 51 महिलाओं ने बीते तीन वर्ष से बचत के माध्यम से यह आयोजन किया। कथा वाचक पंडित तोरण शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्य से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कलियुग में भगवान का कीर्तन ही जीव के कल्याण का माध्यम है। कथनी और करनी में भेद नहीं करने वाले व्यक्ति की अपनी अलग पहचान और साख होती है। राधा रमण महिला मंडली अध्यक्ष लुमेश्वरी बेलचंदन,तारकेश्वरी पांडे , कुसुमलता बेलचंदन, सुनीता बेलचंदन और लोकेशवरी साहू सहित सभी 51 महिलाओं सहित पूरे निकुम के ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है।

### बाजपेयी को याद किया भाजपा मंडल ने



**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी समारोह अटल परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दीपक चतुर्वेदी ने किया। स्व. वाजपेयी की जीवनी पर मीना वर्मा अध्यक्ष नगरपालिका परिषद कुम्हारी ने प्रकाश डाला। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, रामाधार शर्मा, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद हरिदास वैष्णव , पी एन दुबे ,सांसद प्रतिनिधि राजू निषाद एवं कार्यक्रम के संयोजक गोल्डी गोस्वामी ने सारगर्भित तरीके से अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का समापन और आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा ने किया।

## हर माह 7 तारीख को आयोजित होगा 'आवास दिवस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभ ग्रामीणों तक समयबद्ध पहुंचाने की पहल

■ मनरेगा रोजगार दिवस और चावल महोत्सव भी एक ही दिन आयोजित



ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत अब प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह की 7 तारीख को 'आवास दिवस' का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन मनरेगा रोजगार दिवस एवं चावल महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को एक ही मंच पर कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। यह आयोजन कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। आवास दिवस का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाना, निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना तथा हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। आवास दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत स्तर पर पात्र हितग्राहियों को आवास सहायता राशि का वितरण, निर्माण प्रगति की समीक्षा, तकनीकी व प्रशासनिक समस्याओं का निराकरण तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही मनरेगा अंतर्गत रोजगार की जानकारी, कार्य मांग पंजीयन एवं चावल महोत्सव के माध्यम से राशन वितरण भी किया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत 90 दिनों के भीतर आवास निर्माण पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाएगा। इससे योजना के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति के साथ अन्य हितग्राहियों को भी शीघ्र निर्माण के लिए प्रेरणा मिलेगी। नियमित रूप से आयोजित होने वाले आवास दिवस से प्रधानमंत्री आवास योजना को गति मिलेगी, पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित होगी तथा ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित, पक्के और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

## जिले की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजन, रोजगार से जोड़ने किया प्रेरित

# ग्राम सभा में दी गई जी राम जी योजना की जानकारी

**भिलाई ।** राष्ट्रीय पेसा दिवस के अवसर पर संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं आयुक्त मनरेगा तारण प्रकाश सिन्हा शुक्रवार

■ ई-केवाईसी, भूमि एवं आधार सीडिंग पूर्ण करने

दुर्ग जिले के 300 ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्रामसभा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी वीबी-जी राम जी योजना की विस्तृत जानकारी दी। बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मनरेगा को उन्नत कर वीबी-जी राम जी योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अब 125 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि मनरेगा में पूर्व में 100 दिवस का रोजगार दिया जाता था। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने ग्रामसभा में बताया कि हितग्राहियों को 25 दिवस का अतिरिक्त मनरेगा अंतर्गत अधिकांश कार्य पूरे किए रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि जहां जा चुके हैं। शासन के संकल्प के अनुरूप पहले मनरेगा के कार्य मानवीय संसाधनों वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र के आधार पर किए जाते थे, वहीं अब वीची जी राम जी योजना के तहत गांवों का विकास सैटेलाइट तकनीक के माध्यम से सुनियोजित एवं व्यवस्थित ढंग से किया जाएगा।

### जल संरक्षण को लेकर लोगों को किया जागरूक

योजना के अंतर्गत जल जीवन मिशन से संबंधित पेयजल आपूर्ति की मरम्मत एवं देखरेख, जल संरक्षण कार्य, स्कूलों की व्यवस्था में सुधार, मंगल भवन निर्माण, आजीविका से जुड़े कार्य, लखपति दीदियों के लिए आवास, खेती-किसानी से संबंधित कार्य, डबरी निर्माण सहित अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। आजीविका सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी। अधिनियम के अंतर्गत किए जाने वाले सभी कार्य राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना का हिस्सा होंगे। इनमें जल सुरक्षा, मूलभूत ढांचा, आजीविका आधारित अवसंरचनाएं तथा जलवायु परिवर्तन एवं प्रतिकूल मौसमी घटनाओं से बचाव से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।



### पंचायत होंगे विकसित, बनाई गई कार्ययोजना

ग्राम सभा में तकनीक आधारित कार्ययोजना बनाई गई जी-राम-जी के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर विकसित पंचायत की रूपरेखा के अनुसार योजनाएं तैयार की जाएंगी, जिन्हें पीएम गतिशक्ति एवं राष्ट्रीय स्थानिक योजना प्रणालियों से जोड़ा जाएगा। पंचायतों की भौगोलिक स्थिति, नगरीकरण की दिशा एवं स्थानीय विकास आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। बुवाई एवं कटाई के व्यस्त समय में कृषि श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में 60 दिनों की अवधि अधिसूचित करने की छूट दी गई है, जिससे किसानों को समय पर पर्याप्त श्रम उपलब्ध हो सके।

### बेरोजगारी भत्ता मांगने वालों को जोड़ा जाएगा रोजगार से

कार्य न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता यदि किसी ग्रामीण परिवार को मांग के बाद निर्धारित समय-सीमा में कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो राज्य सरकार द्वारा बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाएगा, जिससे श्रमिकों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि पंचायती राज व्यवस्था होगी और सशक्त जी-राम-जी अधिनियम के तहत ग्राम पंचायत प्राथमिक कार्यान्वयन इकाई होगी। पंजीकरण, रोजगार कार्ड जारी करना तथा कम से कम 50% कार्यों का निष्पादन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाएगा।

## स्मृति प्रदर्शनी में अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों से रूबरू हुए कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अटल स्मृति प्रदर्शनी का शुभारंभ भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती शताब्दी वर्ष के अवसर पर किया गया है। प्रदर्शनी सात दिनों तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले भर से पार्टी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति के अजातशत्रु थे और उनका संपूर्ण जीवन आने वाली पीढ़ी को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राजनीति करने की प्रेरणा देता रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता अटल जी के आदर्शों को प्रेरणा बनाकर संगठन और राष्ट्र सेवा को मजबूत करने का संकल्प ले। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने सत्ता के अहंकार को कभी स्थान नहीं दिया और हमेशा विनम्रता व जनसेवा को प्राथमिकता दी। विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल महान नेता ही नहीं, बल्कि उनकी कविताएं भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेंगी। कार्यक्रम का संचालन ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष तेखन सिन्हा ने किया। इस अवसर पर अशोक राठी, मनोज सोनी, मंत्री गायत्री वर्मा, सोशल मीडिया प्रमुख रजनीश श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।